Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-155 | सागवाड़ा, सोमवार, 6 फरवरी, 2023 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# पूर्व CM वसुंधरा राजे ने देर रात तक कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से लिया फीडबैक

- डूंगरपुर संगठन के बड़े नेताओं ने बनाई दूरी, पूर्व राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह और आसपुर विधायक गोपीचंद मीणा की रही मौजूदगी
- लंबे समय बाद वसुंधरा राजे डूंगरपुर के दौरे पर, सियासी माहौल गर्माया

**चंद्रेश व्यास।**

**डूंगरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे लंबे समय के बाद डूंगरपुर के दौरे पर रही। वसुंधरा राजे के डूंगरपुर दौरे को लेकर दिनभर सियासी माहौल भी गर्म रहा। वे उदयपुर से सीधे डूंगरपुर जिला के बेणेश्वर धाम पहुँची। जहाँ माघ पूर्णिमा पर आयोजित मुख्य मेले में हिस्सा लिया। हालाँकि वसुंधरा कि इस यात्रा में न संगठन के कई दिग्गज नेता दूरी बनाए दिखें। बताया जा रहा है कि वसुंधरा अपनी यात्रा के माध्यम से वागड़ में अपनी ताक़त की आज़माइश करने के लिए आयी है आयी हुई है और इसी के चलते देर रात तक डूंगरपुर ज़िले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों से मुलाक़ात की।

वसुंधरा राजे गलियाकोट मोड़ स्थित वागड़ के NRI उद्योगपति रमेश पाटीदार के फ़ार्म हाउस में ठहरी जहाँ उन्होंने विधानसभावार कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से चर्चा की हालाँकि इस दौरान यहाँ डूंगरपुर ज़िले के संगठन का कोई बड़ा पदाधिकारी मौजूद नहीं था। डूंगरपुर जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री व प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, डूंगरपुर नगर परिषद के चेयरमैन अमृत कलासुआ, हरीश पाटीदार, सागवाडा प्रधान ईश्वर सरपोटा, गलियाकोट प्रधान जयप्रकाश पारगी जैसे बड़े नेताओं ने इस फ़ार्महाउस पर वसुंधरा राजे से दूरी बनाए रखी। वसुंधरा राजे के दौरे में जिला प्रमुख सूर्या अहरी ने दूरी बनाई रखी लेकिन रात को कार्यकर्ताओं की विधानसभावार हुई बैठक में उनके पति बलबीर अहारी कार्यकर्ताओं के साथ नज़र आए। सागवाडा विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी शंकरलाल डेचा और सागवाडा की पूर्व प्रधान व वर्तमान जिला परिषद सदस्य रेखा रोत भी नज़र आयी। हालाँकि कुछ देर के लिए सांसद कनकमल कटारा वहाँ पहुँचे और फिर वो वहाँ से चले गए। वसुंधरा राजे कि इस पूरे दौरे का पूर्व राज्य सभा सांसद हर्षवर्धन सिंह नेतृत्व करते दिखाई दिए। वसुंधरा राजे की इस सियासी चर्चा में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष वेलजी पाटीदार पूर्ण रूप से सक्रिय दिखाई दिए। वसुंधरा के क़ाफ़िले के साथ पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी सहित रणधीर सिंह भिंडर जैसे बड़े नेता मौजूद रहे।



सांसद कनकमल कटारा के निवास पर कार्यकर्ताओं से मिलती पूर्व CM वसुंधरा राजे।



जोगपुर स्थित फ़ार्महाउस पर पूर्व CM वसुंधरा राजे से मुलाक़ात के लिए एकत्र हुए भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

## बेणेश्वर धाम में दर्शन के बाद सागवाडा में सांसद कटारा के निवास पर हुआ स्वागत

मंदिरों में दर्शन के बाद सागवाडा में सांसद कनकमल कटारा के निवास पर पहुँची जहाँ भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया गया।

बीच में जगह जगह गाँवों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। इधर, राजे के अचानक बने इस दौरे को लेकर राजनीति भी गर्म रही। बताया जा रहा है कि राजे के इस कार्यक्रम की जानकारी बहुत कम लोगों को थी।



## सिद्धिविनायक गणेश मंदिर परिसर में प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ समापन



**सागवाडा।** सिद्धिविनायक गणेश मंदिर परिसर में आयोजित श्री सिद्धि विनायक मंदिर सेवा संस्थान के तत्वाधान में 3 दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन रविवार को हुआ। प्रतिष्ठा महोत्सव में सुबह सभी यजमानों मनोज दीक्षित, कमलेश राव, रमेश चंद्र वैष्णव, लालचंद मोर, पटेल पीयूष शुक्ला, केशव लाल दर्जी, महावीर जैन, प्रमोद शर्मा, विरेंद्र सिंह राव, मोहन पटेल एवं तुलसीराम पंचाल परिवार द्वारा यज्ञ की आहुतियां दी गई। श्रद्धावीर हनुमान मंदिर प्रतिष्ठा शनिदेव मंदिर प्रतिष्ठा के साथ ही तुलसी क्यारा की स्थापना की गई। आचार्य तुलसीराम व्यास, सहआचार्य गजानंद ठाकुर, भरत भट्ट, जितेंद्र पुरोहित, निलेश जोशी, दीपक उपाध्याय, सुशील उपाध्याय, जेनेश पाठक एवं अन्य के द्वारा हवन विधि के साथ पूर्णाहुति की गई। पूर्णाहुति के पश्चात महाआरती की गई ।

आरती के बाद सर्व समाज जन द्वारा महाप्रसाद ग्रहण किया गया। प्रतिष्ठा के दौरान प्रकाश कुरीया भाटिया द्वारा फर्श निर्माण की घोषणा की गई। साथ ही ललित पंचाल परिवार द्वारा गणेश मंदिर परिसर में राधा कृष्ण मंदिर का निर्माण करने की घोषणा की गई। आज के इस सम्पूर्ण कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरमैन नरेंद्र खोड़निया खुशपाल गलालिया गजेंद्र शाह भरत जोशी सहित नगरपालिका के गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान जितेंद्र जोशी नानू लाल माखनलाल प्रकाश कुरिया भाटिया मनोहर लाल पंचाल सुखलाल पटेल मनोहर पटेल पंकज दलाल हरीश सोमपुरा अरुण सोमपुरा कमल शर्मा सरक्षक धयानी लाल कंसारा सिद्धिविनायक मंदिर सेवा संस्थान के अध्यक्ष किशोर भट्ट, कोषाध्यक्ष प्रदीप कंसारा, सचिव हितेश भावसार, बंसीलाल पंचाल, पंकज शाह, ललित पंचाल सहित कॉलोनी वासी मौजूद थे। महाप्रसाद के कार्यक्रम में जितेंद्र जोशी प्रीतम पंचाल रमेश सुथार जगदीश सुथार रविशंकर सुथार अखिल कंसारा शिवनारायण दर्जी ने विशेष सहयोग किया।

## ज़ील चेरिटेबल ट्रस्ट की और से मोतियाबिंद के हो रहे निःशुल्क ऑपरेशन

अब तक 150 से अधिक लोगों के ऑपरेशन हुए, 500 का रखा गया लक्ष्य

**सागवाडा।** ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा में ज़ील चेरिटेबल ट्रस्ट सागवाडा की और से 17 जनवरी से मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन का शिविर शुरू हो चुका है यह शिविर 28 फ़रवरी तक चलेगा शिविर के तहत अब तक 150 से अधिक लोगों के आँखों के ऑपरेशन किए जा चुके हैं।ज़ील चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 500 लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन का लक्ष्य रखा गया है। ज़ील अस्पताल सागवाडा में पहले आने वाले 500 लोगों का ऑपरेशन निःशुल्क किया जाएगा। ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा की ओर से 17 जनवरी से शुरू होने वाले इस शिविर में सुबह 10 बजे से परामर्श लिया जा सकता है । नेत्र चिकित्सा शिविर में ज़ील हॉस्पिटल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. यश आर. गांधी आंखों की जाँच करेंगे। शिविर में डॉक्टर का परामर्श BPL कार्ड धारको के लिए



नि शुल्क रहेगा। शिविर में आँखों की जाँच कर मोतियाबिंद के ऑपरेशन का परामर्श दिया जाएगा। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. यश आर.गांधी ने बताया कि मोतियाबिंद, लेंस में उम्र से संबंधित बदलाव होते हैं ये लेंस जो आपकी आंख के अंदर मौजूद होती हैं। आमतौर पर मोतियाबिंद उम्र बढ़ने के कारण होता है और नजर कमजोर होने का कारण बन सकते हैं। समय पर इसका ऑपरेशन कर लेंस में बदलाव कराया जाना चाहिए।

## बेणेश्वर धाम पर माघ पूर्णिमा पर मुख्य मेला भरा, आबूदरा घाट पर पितरों की अस्थियां विसर्जन कर स्नान किया

**साबला।** बेणेश्वर धाम पर माघ पूर्णिमा पर रविवार को मुख्य मेले का आयोजन हुआ। हरि मंदिर से निष्कलंक भगवान व महंत अच्युतानंद महाराज को पालकी में विराजित कर धर्म ध्वजा के साथ भक्तो द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा सोम, माही व जाखम के त्रिवेणी संगम पहुंची जहा विधि विधान से पूजा अर्चना कर जयकारों के साथ शाही स्नान हुआ। शोभा यात्रा में साद समाज द्वारा जगह जगह रास लीला की गई। जिसके बाद शोभा यात्रा मंदिर पहुंची व लोगो ने दर्शन किए।

माघ पूर्णिमा को लेकर श्रद्धालुओं ने आबूदरा घाट पर पितरों की अस्थियां विसर्जन कर स्नान भी किया। वही मेले में भी लोगो ने झूलों, चाट पकोडियो का जमकर आनंद लिया व खरीददारी की। मेले में जुटने वाले हजारों लोगों की व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा माकुल प्रबंध किए गए।



## सागवाडा शहर को पेयजल, सीवरेज सहित बगीचों की मिलेगी सौग़ात

नगर पालिका सागवाडा के दो वर्ष पूर्ण होने पर 19 फ़रवरी को शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम मंत्री करेंगी शिरकत * मंत्री शांतिलाल धारीवाल सहित चार मंत्री सागवाडा में रहेंगे



**सागवाडा।** नगर पालिका सागवाडा के दो वर्ष पूर्ण होने पर 19 फ़रवरी को नगरपालिका और नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में राजस्थान के स्वायत्त शासन मंत्री शांतिलाल धारीवाल सहित चार मंत्री शहर को विकास कार्य की कई सौगातें देंगे। 19 फ़रवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शहर को विकास कार्यों की सौग़ात दी जाएगी। साथ ही आने वाले साल में होने वाले कार्यों का शिलान्यास भी किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को कांग्रेस कार्यालय में निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया की मौजूदगी में बैठक आयोजित हुई। बैठक में नवनियुक्त कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया ने कहा कि पिछले दो सालों में शहर में विकास के कई कार्यों हुए हैं। मंत्रियों का सागवाडा आना जनता और कार्यकर्ताओं का सम्मान है। कांग्रेस राज में चार साल के विकास कार्य ऐतिहासिक रहे है। सागवाडा की राज्य में अलग पहचान है। सागवाड़ा नगरपालिका का विकास किसी से कम नहीं है।कांग्रेस राज में न सिर्फ़ शहर में बल्कि पूरे ज़िले में विकास के काम हुए। क्षेत्र से विकास की जो माँग राज्य सरकार से की गई मुख्यमंत्री ने पूरा किया है। जो काम बाक़ी रह गया है उसे इस बजट घोषणा में पूरा किया जाएगा। सड़क, डिवाडर, शहीद स्मारक, बगीचे, नगरपालिका भवन व, गोशाला के लिये अनुदान, पट्टे, कृषि भूमि पर बने 2012 से पूर्व बने मकानों को रेगुलर करने जैसे कई माँगो को सरकार की ओर से पूरा किया गया। उपाध्यक्ष राजु मामा शेख़, दुलेसिंह, मनोहरसिंह, कांतिलाल सारगिया, नानूभाई पटेल, नानूभाई मकवाना, धीरज मेहता, प्रदीप जोशी, किशोर भावसार सहित पार्षद और नगर कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन ललित पंचाल ने किया।

### युवाओं को जिम्मेदारी सौपी हैं जल्द ही नगर अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष मिलेगा

खोडनिया ने कहा कि ज़िले में कांग्रेस को मज़बूत करने के लिए संगठन में युवाओं को महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी सौंपी गई है जल्द ही सैकड़ों नगर कांग्रेस और जिलाध्यक्षों की घोषणा भी की जाएगी। संगठन से युवाओं के जुड़ने से पार्टी और अधिक मज़बूत होगी जिसका फ़ायदा में आने वाले विधानसभा चुनाव मिलेगा।

### यह रहेंगे मौजूद-

स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल जनजाति मंत्री, अर्जुन बामणिया, मंत्री महेंद्र सिंह मालवीय, राजस्व मंत्री, राज्यमंत्री शंकर यादव, रघुवीर मीणा पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, पूर्व विधायक सुरेंद्र बामणिया सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

## क्षत्रिय खटीक समाज का आयोजन, मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

21 कुंडीय महायाग का समापन मंदिर मे दशा माता, गणेशजी, बाबा रामदेव, हनुमानजी, भैरवजी की मूर्ति की स्थापना





**सागवाड़ा।** नगर के क्षत्रिय खटीक समाज की ओर से मसानिया तालाब पर स्थित दशा माता मंदिर, गणेशजी, बाबा रामदेव, हनुमानजी, भैरवजी की मूर्ति स्थापना शिखर व ध्वज दंड प्रतिष्ठा और 21 कुंडीय महायाग का भव्य महोत्सव रविवार को सम्पन्न हुआ। प्रतिष्ठाचार्य निकुंज मोहन पंड्या, आचार्य भरतलाल पंड्या और कीर्तिश भट्ट समेत ब्राह्मणों के सानिध्य में स्थापित व आवाहित देवी- देवताओं के पूजन के बाद अभिजीत मुहूर्त में प्रतिमाओं की स्थापना और शिखर प्रतिष्ठा के साथ पूर्णाहुति हुई।

मुख्य शिखर जगदीश बदामीलाल चंदेल, दशा माता मूर्ति स्थापना रामा प्यारा सुईल, मुख्य ध्वजा निलेश बदामीलाल चंदेल, गुम्बज शिखर प्रतिष्ठा व हनुमानजी मूर्ति स्थापना स्व. मांगीलाल गौतमजी बगमार परिवार, बाबा रामदेव मूर्ति स्थापना स्व. मनजी धनाजी सुईल, भैरवजी मूर्ति स्थापना जगदीश बदामीलाल चंदेल, गणपति मूर्ति स्थापना गटु तेजा भलवाड़ा, हनुमानजी शिखर अम्बालाल फकीरा खींची, बाबा रामदेवजी शिखर राजू कुरिचंद खींची, और जवारा पंचमुखी कलश स्थापना का लाभ राजू कुरिचंद खींची व तोलाचंद लालाजी सुईल परिवार ने लिया। महाआरती के बाद में मंदिर परिसर में माता के भजन-कीर्तन पर श्रद्धालु झूम उठे। मंदिर परिसर दशा माता के जय जयकारों से गूंज उठा । इस दौरान युवाओं ने शानदार आतिशबाजी की। नगर के पंचाल समाज, सेवक समाज, भावसार समेत विभिन्न समाजों के श्रद्धालुओं ने मंदिर में आकर माता के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। नगर में भव्य मंदिर का निर्माण और विधिविधान के साथ बड़े स्तर पर प्रतिष्ठा आयोजन करने पर खटीक समाज का आभार जताया। शाम को महाआरती और महाप्रसाद का आयोजन हुआ। इस अवसर पर शंकर लाल खींची, जगदीश खटीक,हीरालाल सूईल, दशरथ खटीक, करण खींची, प्रवीण खटीक, विशाल सूईल, पंकज भलवाड़ा, नरेश सूईल सहित समाजजन मौजूद थे।

## प्रत्येक गांव में मंगलवार को होगी हनुमान चालीसा, विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक

**सागवाड़ा।** विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक पुनर्वास कॉलोनी स्थित विद्या निकेतन विद्यालय परिसर में रविवार को हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रवि प्रताप पारगी ने की। मुख्य अतिथि प्रांत अर्चक, पुरोहित प्रमुख नरेंद्र भगत थे। विशिष्ट अतिथि बजरंग दल विभाग संयोजक मोतीलाल पटेल एवं जिला उपाध्यक्ष सुभाष भट्ट थे। बैठक में कार्य विस्तार की दृष्टि से प्रखंड टोली पूर्ण कर खंड टोली तक रचना करने पर चर्चा हुई। 30 मार्च तक प्रत्येक प्रखंड में 10 ग्राम समितियां बनाने, प्रखंड व ग्राम में मिलन केंद्र तथा सत्संग प्रारंभ करने का तय किया गया। अप्रैल माह में बजरंग दल कार्यकर्ताओं का त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम प्रखंडों में किया जाएगा।


